# नोट–शीट

**मुख्य विकास अधिकारी महोदया/जिलाधिकारी महोदय, बदायूँ।**

**महोदय,**

दिनाँक– 24.06.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ की अध्यक्षता में **''जल जीवन मिशन''** कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा के समय दिए गए दिशा–निर्देशों का कार्यवृत्त संलग्न कर पत्रावली की दाहिनी ओर रक्षित है। कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

24/6/2026

**(अमित कुमार वर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बदायूँ।**

आज प्रस्तुत
04/07/2026

OK

4/7/26

मुख्य विकास अधिकारी
बदायूँ

OK
DM
जिलाधिकारी
बदायूँ

सेवा में
मुख्य विकास अधिकारी महोदया

जिलाधिकारी महोदय द्वारा संलग्न कार्यवृत्त का अनुमोदन कर दिया गया है। कृपया हस्ताक्षर करने की कृपा करें।

29/7/2026
E.E

## जिलाधिकारी, बदायूँ की अध्यक्षता में दिनॉक 24.06.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे आयोजित "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति–

1– श्री अमित कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।

2– श्री रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता।

3– श्री मनीष कुमार, जूनियर इंजीनियर।

4– श्री अंकित, एम0आई0एस0, मै0 मेधज टैक्नों कॉन्सेप्ट, डी0पी0एम0यू0, बदायूँ।

बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी।

**1– अवर जलाशय के कार्य पूर्ण वाली योजनाओं की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान तक कुल 868 नग योजनाओं के सापेक्ष 323 नग योजनाओं के अवर जलाशयों के कार्य पूर्ण कर 251 नग अवर जलाशय के माध्यम से तथा शेष 69 नग सीधे पम्पिंग द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 187 नग योजनाओं के शत–प्रतिशत् कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ कराया जा चुका है। शेष 136 नग पेयजल योजनाएं ऐसी हैं, जिसमें सूक्ष्म कार्य जैसे– गृह पेयजल संयोजनों की मरम्मत, प्रेशर चैकिंग, राइजिंग मेन जोड़ना, जलकल प्रांगण का विकास कार्य एवं सड़कों के पैच मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं। अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी फर्म मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 को उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में लाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाहीः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ)।**

**2– सड़कों के पुनर्निर्माण की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन से आच्छादित 1444 राजस्व ग्रामों में से 1210 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन हेतु सड़क काटी गई थी, जिसमें से 750 राजस्व ग्रामों में सड़क मरम्मत कार्य शत्– प्रतिशत् पूर्ण करा दिया गया है एवं शेष 460 राजस्व ग्रामों में सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सड़क पुर्नस्थापना कार्य पाइप लाइन की हाइड्रोटेस्टिंग कराते हुए समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शेष ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना के कार्यों को पूर्ण करने हेतु मैन पॉवर 10 से 12 योजनाओं पर ही लगाई गई है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कम्पनी को नोटिस द्वारा चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए।

**(कार्यवाहीः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ)।**

**3— खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जांच की स्थितिः—**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बदायूँ के विकास खण्ड— म्याँऊ, जगत, कादरचौक, सहसवान, वजीरगंज, अम्बियापुर, उसावां एवं उझानी की 177 नग पाइप पेयजल योजनाओं की खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सत्यापन रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित की गई है, जिसमें पाई गई कमियों के सापेक्ष 72 नग पाइप पेयजल योजनाओं की कमियों का निराकरण करा दिया गया है एवं शेष पेयजल योजनाओं पर पाई गई कमियों के निराकरण की कार्यवाही प्रगति पर है।

**4— अवर जलाशय निर्माण की स्थितिः—**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान तक कुल 868 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 390 नग अवर जलाशयों के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं एवं 38 नग अवर जलाशय जो कि टॉप डोम पर हैं, 28 नग जो कि बॉटम डोम पर हैं तथा 168 नग जो कि स्टेजिंग स्तर पर हैं की प्रगति बढाते हुए समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के साथ शत—प्रतिशत पूर्ण योजनाओं की प्रगति बढाना सुनिश्चित करें।

**5— नियमित जलापूर्तिः—**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बदायूँ के 950 नग राजस्व ग्रामों मे अवर जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित पेयजलापूर्ति की जा रही है। उक्त 950 नग ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति करना सुनिश्चित किया जाए।

**5— अन्य बिन्दुः—**

विकास खण्ड— म्याँऊ की कोढा जयकरन पेयजल योजना मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान टाइल के सैम्पल की गुणवत्ता की जाँच लोक निर्माण विभाग, बदायूँ द्वारा कराई गई, जिसमें अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि इण्टर लॉकिंग टाइल्स से सम्बन्धित विशिष्टियाँ प्राक्कलन में नहीं दर्शायी गई हैं। जाँच में टाइल का सैम्पल IS 15658 : 2006 की विशिष्टियों के अनुरूप (M30) पाया गया तथा गुणवत्ता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया जाए।

(गामिनी सिंगला)
o/c मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जनपद— बदायूँ।

पत्रांक— / / दिनाँक—

**प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
2. जिलाधिकारी महोदय, बदायूँ।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
4. उपजिलाधिकारी, तहसील— सदर/दातागंज, जनपद— बदायूँ।
5. मै0 पी0एन0सी0— एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
6. मै0 मेधज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
7. मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज, टी0पी0आई0, बदायूँ।

o/c मुख्य विकास अधिकारी,
बदायूँ।